नमूना प्रश्न पत्र - 1 (2021-2022) द्वितीय सत्र

कक्षा - 10

विषय - हिन्दी (पाठ्यक्रम 'ब')

समय : 2 घंटे **पूर्णांक : 40**

निर्देश -(1) इस प्रश्न-पत्र में दो खण्ड हैं- खंड 'क' और खंड 'ख'। दोनों ही खण्डों में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे।

(2) खंड - 'क' में कुल 3 प्रश्न हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए।

(3) खंड - 'ख' में कुल 5 प्रश्न हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए।

(4) कुल प्रश्नों की संख्या 8 है। प्रत्येक प्रश्न को ध्यान पूर्वक पढ़ते हुए यथा संभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए।

खण्ड 'क'

प्र.1 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (2 × 2 = 4)

(क) 'सहस्त्र दृग सुमन' से क्या तात्पर्य है? कवि ने इस पद का प्रयोग किसके लिए किया होगा?

(ख) वज़ीर अली की क्या योजना थी? अंग्रेजों के अनुसार क्या वह उसमें सफल हो सकता था?

(ग) 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया' इस पंक्ति में हिमालय किस बात का प्रतीक है?

प्र.2 निम्नलिखित दो प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए- (4)

(क) 'झेन की देन' पाठ में वर्णित 'टी-सेरेमनी का शब्द-चित्र प्रस्तुत कीजिए।

अथवा

(ख) मनुष्य अपना जीवन किस प्रकार सार्थक कर सकता है?
'मनुष्यता' कविता के आधार पर बताइए।

प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए- (3 × 2 = 6)

(क) 'टोपी शुक्ला' पाठ में टोपी और इफ्फ़न किस- किसका प्रतिनिधित्व करते है? इन दोनों चरित्रों के माध्यम से लेखक क्या संदेश देना चाहता है?f

(ख) ठाकुरबारी जैसी संस्थाओं की ग्रामीण समाज के प्रति भूमिका और कर्तव्यों पर प्रकाश डालिए।

(ग) मास्टर प्रीतमचंद को स्कूल से निलंबित क्यों कर दिया गया? निलंबन के औचित्य और उस घटना से उभरने वाले जीवन-मूल्यों पर अपने विचार लिखिए।

खण्ड 'ख' (लेखन)

प्र.4 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गये संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए- (6)

(क) समय का सदुपयोग

संकेत - बिंदु - समय का महत्व, समय के सदुपयोग से लाभ, सफलता का आधार।

(ख) संतोष का महत्व

सकेंत बिन्दु- संतोष का महत्व, असंतुष्टि के कारण, लोभ पाप का मूल है, संतोष ही सबसे बड़ा धन।

(ग) सादा जीवन उच्च विचार

संकेत बिन्दु : सादा जीवन उच्च विचार का अर्थ, सद्‌गुणों से प्रसिद्धि, जीवन में सफलता का रहस्य।

प्र.5 अपने क्षेत्र में फैली गंदगी की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। (5)

अथवा

किसी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए जिसमें दिल्ली में बढ़ती हुई अपराधवृत्ति की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया हो।

प्र.6 (क) आपका विद्‌यालय ग्रीष्मावकाश में नोएडा से नैनीताल की यात्रा का आयोजन कर रहा है। छात्र-छात्राओं को सूचित करने हेतु इस यात्रा से संबंधित सूचना तैयार कीजिए। (शब्द सीमा - 50 शब्द) (2.5)

अथवा

आपके नोएडा क्षेत्र में स्वास्थ्य संगठन द्‌वारा नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य संगठन के सचिव होने के नाते सभी क्षेत्रवासियों को इसकी सूचना प्रदान कीजिए। (शब्द सीमा - 50 शब्द)

(ख) आप जल-विभाग के सचिव हैं। पानी के पाइप की मरम्मत के कारण गोविंदपुरी, दिल्ली के क्षेत्रवासियों को जल आपूर्ति की कटौती की सूचना दीजिए। (शब्द सीमा - 50 शब्द) (2.5)

अथवा

सैंट मैरी स्कूल, दिल्ली के साहित्य संगठन के अध्यक्ष होने के नाते छात्र-छात्राओं को रंगोली प्रतियोगिता की सूचना दीजिए। (शब्द सीमा - 50 शब्द)

प्र.7 (क) किसी ज्वैलर्स की ओर से लगभग 50 शब्दों मे विज्ञापन तैयार कीजिए। (2.5)

अथवा

फ्रिज बनाने वाली कंपनी की ओर से अपने उत्पाद के लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

(ख) किसी लैपटॉप कंपनी की ओर से लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (2.5)

अथवा

साबुन बनाने वाली एक कम्पनी की ओर से अपने उत्पाद के लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्र.8. नीचे लिखी उक्ति को आधार बनाकर एक कथा लिखिए। ''लालच बुरी बला है।'' (5)

अथवा

एक मौलिक कथा लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो - ''मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।''

ALLEN